पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय 1STC सदर कैंट एरिया जबलपुर (म.प्र.) पिन -४८२००१ ई-मेल:1stcjbpkv@gmail.com वेबसाइट : no1stcjabalpur.kvs.ac.in दूरभाष:2622870, 2622305 (विद्यालय)	केन्द्रीय विद्यालय संगठन CBSE Affiliation No.1000006 SCHOOL CODE: 54095 DISE CODE: 23390224203	PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA, 1 STC SADAR CANTT. AREA JABALPUR (M.P.) PIN-482001 E-mail: 1stcjbpkv@gmail.com Website: no1stcjabalpur.kvs.ac.in Ph. FAX 2622870, 2622305 (School)

F. 3-15/ Games & Sports/PM SHRI KV 1 STC/ 2026-27/37 Date:~~21~~.04.2026 22

प्रति,
प्राचार्य महोदय,
समस्त केंद्रीय विद्यालय
जबलपुर, संभाग

विषय: संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 (जूडो, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो एवं स्केटिंग) बालक एवं बालिका समस्त आयु वर्ग के संबंध में

संदर्भ: एफ. 22358 /आर एस एम/ कें.वि. सं / क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर/2026 27/ 42738-796
दिनांक- 16. 02.2026
संदर्भ: एफ. 22355 /आर एस एम/ कें.वि. सं / क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर/2026 27/ 353-402
दिनांक- 06. 04.2026

महोदय/ महोदया,
इस विद्यालय में आयोजित संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता (जूडो, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग एवं स्केटिंग) बालक एवं बालिका समस्त आयु वर्ग के आयोजन के संबंध में सूचित किया जाता है कि प्रतियोगिता **28. 04.2026 से 30.04.2026** तक आयोजित की जाएगी।

संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय 1 एस टी सी आर्मी क्षेत्र में स्थित होने के कारण सभी अनुरक्षक शिक्षक एवं विद्यार्थी अपने साथ पहचान पत्र अवश्य लाएं एवं मांगे जाने पर प्रस्तुत करें।
- प्रतिभागियों एवं अनुरक्षक शिक्षकों द्वारा मैदान एवं बाहर सख्त अनुशासन का पालन किया जाना चाहिए।
- समस्त अनुरक्षक एवं प्रतिभागी अपने साथ एक चादर अवश्य लाये ।
- अनुरक्षक शिक्षक छात्रों की सुरक्षा और अनुशासन के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे।
- ऑनलाइन प्रविष्टि फॉर्म (पात्रता फॉर्म) की हार्ड कॉपी टी जी टी शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा और प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित, पंजीकरण के समय अनुरक्षक को जमा करनी होगी।
- अभिभावक की सहमति और चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र को आयोजन स्थल पर जमा करने की आवश्यकता नहीं है, इसे संबंधित विद्यालय के पास रखा जाना चाहिए।

- यदि किसी छात्र द्वारा स्कूल की संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचाया जाता है तो अनुरक्षक शिक्षक पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे, केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमों के अनुसार वसूली के अलावा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
- **जबलपुर के अलावा अन्य शहरों से भाग लेने वाले विद्यालयों को 27. 04.2026 को अपराह्न के बाद रिपोर्ट करना है।**
- **जूडो ताइक्वांडो बॉक्सिंग तीनों खेल भार वर्ग वाले खेल हैं, अतः संबंधित शारीरिक शिक्षा शिक्षक भेजने से पूर्व वजन का जांच अवश्य कर ले, भार वर्ग में न होने पर प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा।**
- सूची जमा करने के बाद किसी भी कार्यक्रम में नाम को शामिल करना या बदला नहीं जा सकता है।
- **जबलपुर के स्थानीय केंद्रीय विद्यालयों के प्रतिभागी निर्धारित समय के अनुसार 28.04.2026 को (07:00 am) रिपोर्ट करेंगे।**
- **रीजनल स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के (16.04.2026) अनुमोदित मिनट के अनुसार अनुरक्षक और प्रतिभागियों के लिए दैनिक भत्ता भाग लेने वाले केंद्रीय विद्यालय द्वारा वहन किया जाना है,**
- सभी अंनुरक्षक शिक्षकों से अनुरोध है कि वह पंजीकरण के समय यू टी आर नंबर, तिथि एवं राशि का विवरण साथ लाए एवं जाने के लिए दिनांक **30.04.2026** को **05:00 pm** के उपरांत का ही आरक्षण करें।
- संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026- 27 को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अनुरक्षक शिक्षकों के लिए आयोजित बैठक में भाग लेना अनिवार्य है। **बैठक 27 अप्रैल 2026 (Evening 07:00 pm)** को विद्यालय में आयोजित की जाएगी।
- प्रतिभाग करने वाला विद्यालय अपने अनुरक्षकों एवं प्रतिभागियों की संख्या के अनुसार दैनिक भत्ता इस विद्यालय के खाते में जमा करवाएंगे।
- **प्रति प्रतिभागी/अनुरक्षक** (दैनिक भत्ता जबलपुर के अलावा अन्य शहरों से भाग लेने वाले विद्यालयों के लिए) **= 485 रुपए मात्र /**
- **प्रति प्रतिभागी/अनुरक्षक** (दैनिक भत्ता जबलपुर के केंद्रीय विद्यालयों के लिए) **= 345 रुपए मात्र /**
- कुल राशि, **RTGS या NEFT** के माध्यम से इस स्थल के स्कूल खाते में अग्रिम जमा किया जाएगा। बैंक खाते का विवरण निम्न है

ACCOUNT NAME	ACCOUNT NUMBER	IFSC CODE
VIDYALAYA VIKAS NIDHI KV 1STC JABALPUR	325702011013869	UBIN0532576

संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए हम आपके सहयोग की अपेक्षा करते हैं

धन्यवाद,

भवदीय

पी. बी. पांडे

प्राचार्य / Principal
केन्द्रीय विद्यालय / Kendriya Vidyalaya
1 एस.टी.सी. / 1 STC
जबलपुर (म. प्र.) 482001
Jabalpur (M. P.) 482001